विषय कोड : 
Subject Code : **106/125/206/224**

705-
प्रश्न पुस्तिका क्रमांक
Question Booklet Serial No.

# INTERMEDIATE EXAMINATION-2024

## इन्टरमीडिएट परीक्षा - 2024

**( ANNUAL / वार्षिक )**

प्रश्न पुस्तिका सेट कोड
Question Booklet Set Code

**D**

# HINDI (COMPULSORY)

## हिन्दी (अनिवार्य)

**I. Sc. & I. Com.**

कुल प्रश्न : 100 + 6 = 106
**Total Questions : 100 + 6 = 106**

कुल मुद्रित पृष्ठ : 24
**Total Printed Pages : 24**

(समय : 3 घंटे 15 मिनट)
[ Time : 3 Hours 15 Minutes ]

(पूर्णांक : 100)
[ Full Marks : 100 ]

***परीक्षार्थियों के लिये निर्देश :***

1. ***परीक्षार्थी OMR उत्तर-पत्रक पर अपना प्रश्न पुस्तिका क्रमांक ( 10 अंकों का) अवश्य लिखें।***
2. *परीक्षार्थी यथासंभव अपने शब्दों में ही उत्तर दें।*
3. *दाहिनी ओर हाशिये पर दिये हुए अंक पूर्णांक निर्दिष्ट करते हैं।*
4. *प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़ने के लिए परीक्षार्थियों को 15 मिनट का अतिरिक्त समय दिया गया है।*
5. *यह प्रश्न पुस्तिका दो खण्डों में है— **खण्ड-अ** एवं **खण्ड-ब**।*
6. ***खण्ड-अ में 100** वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं, जिनमें से **किन्हीं 50 प्रश्नों का उत्तर देना अनिवार्य** है। 50 प्रश्नों से अधिक का उत्तर देने पर प्रथम 50 का ही मूल्यांकन होगा। प्रत्येक के लिए **1 अंक** निर्धारित है। इनका उत्तर देने के लिए उपलब्ध कराये गए **OMR** उत्तर-पत्रक में दिए गए सही विकल्प को नीले / काले बॉल पेन से प्रगाढ़ करें। **किसी भी प्रकार के व्हाइटनर/ तरल पदार्थ / ब्लेड / नाखून आदि का OMR उत्तर-पत्रक में प्रयोग करना मना है, अन्यथा परीक्षा परिणाम अमान्य होगा।***
7. ***खण्ड - ब में 6 विषयनिष्ठ प्रश्न हैं ।** प्रत्येक प्रश्न के समक्ष अंक निर्धारित हैं ।*
8. *किसी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक उपकरण का प्रयोग पूर्णतया वर्जित है ।*



BiharboardQuestionpaper.com

## खण्ड - अ

## वस्तुनिष्ठ प्रश्न

**प्रश्न संख्या 1 से 100 तक के प्रत्येक वस्तुनिष्ठ प्रश्न के साथ चार विकल्प दिए गए हैं, जिनमें से कोई एक सही है। इन 100 प्रश्नों में से किन्हीं 50 प्रश्नों के अपने द्वारा चुने गए सही विकल्प को OMR उत्तर-पत्रक पर चिह्नित करें।** **50 × 1 = 50**

1. 'सौ अजान एक सुजान' नामक उपन्यास के उपन्यासकार कौन हैं ?

(A) जयप्रकाश नारायण (B) जगदीशचन्द्र माथुर

(C) बालकृष्ण भट्ट (D) मोहन राकेश

2. शिक्षा प्राप्ति के लिए अमेरिका कौन गये थे ?

(A) बालकृष्ण भट्ट (B) चन्द्रधर शर्मा गुलेरी

(C) जयप्रकाश नारायण (D) रामधारी सिंह 'दिनकर'

3. 'अर्धनारीश्वर' कल्पित रूप है

(A) राधा और कृष्ण का (B) शंकर और पार्वती का

(C) सीता और राम का (D) विष्णु और लक्ष्मी का

4. मालती के बच्चे का नाम क्या था ?

(A) टिटी (B) सिटी

(C) किटी (D) चिटी



BiharboardQuestionpaper.com

5. भगत सिंह का जन्म कब हुआ था ?

(A) सन् 1907 में
(B) सन् 1911 में
(C) सन् 1914 में
(D) सन् 1915 में

6. 'तीनकठिया' प्रथा का सम्बंध किससे है ?

(A) हींग
(B) कपास
(C) नील
(D) रंग

7. 'सिपाही की माँ' शीर्षक पाठ की साहित्यिक विधा क्या है ?

(A) लेख
(B) कहानी
(C) एकांकी
(D) निबंध

8. 'जनयुग' पत्रिका के संपादक कौन थे ?

(A) गणेश शंकर विद्यार्थी
(B) अज्ञेय
(C) बालकृष्ण भट्ट
(D) नामवर सिंह

9. 'सदियों का संताप' शीर्षक कृति किसकी है ?

(A) ओमप्रकाश वाल्मीकि
(B) नामवर सिंह
(C) मलयज
(D) उदय प्रकाश



BiharboardQuestionpaper.com

10. ओमप्रकाश वाल्मीकि का जन्म कहाँ हुआ था ?

(A) बरला, मुजफ्फरनगर (B) महुई, आजमगढ़

(C) सीतापुर, अनूपपुर (D) निहालपुर, इलाहाबाद

11. 'कवि ने कहा' शीर्षक रचना किसकी है ?

(A) मुक्तिबोध (B) ज्ञानेंद्रपति

(C) सुभद्रा कुमारी चौहान (D) शमशेर बहादुर सिंह

12. किस चौराहे पर लोगों की भीड़ लगी हुई थी ? 'रस्सी का टुकड़ा' शीर्षक कहानी के अनुसार लिखें ।

(A) नीदरलैण्ड (B) आर्केदिया

(C) गोदरविल (D) केरासम्स

13. चेख्यकोव किससे माफी माँगने गया था ?

(A) पत्नी से (B) पिता से

(C) ब्रिजालोव से (D) ऐनलियो से

14. फ्रैंक्का की आया कौन थी ? biharboardquestionpaper.com

(A) कारमेन (B) फर्डिनांड

(C) ऐमिली (D) बनाशो



BiharboardQuestionpaper.com

15. 'देखते नहीं यह रेशम से कढ़ा हुआ सालू'' – यह पंक्ति किस शीर्षक कहानी की है ?

(A) जूठन (B) तिरिछ

(C) उसने कहा था (D) रोज

16. 'बिहार में हिन्दी की वर्तमान स्थिति' विषय पर लेख के लिए किसने सर्वोच्च पुरस्कार प्राप्त किया ?

(A) बालकृष्ण भट्ट (B) ओमप्रकाश वाल्मीकि

(C) रामधारी सिंह 'दिनकर' (D) जयप्रकाश नारायण

17. आपस में 'धाँगड़' किस भाषा में बात करते थे ?

(A) मिश्रित बुंदेली (B) ब्रजबुलि

(C) मिश्रित ओराँव (D) मणिपुरी

18. 'जानवर और जानवर' शीर्षक रचना किसकी है ?

(A) उदय प्रकाश (B) मोहन राकेश

(C) अज्ञेय (D) बालकृष्ण भट्ट

19. 'सिपाही का माँ' शीर्षक एकांकी की मुन्नी की अवस्था क्या थी ?

(A) 10 वर्ष (B) 12 वर्ष

(C) 13 वर्ष (D) 14 वर्ष

20. रत्नाकर त्रिपाठी किस कवि के पिता थे ?

(A) भूषण (B) तुलसीदास

(C) नाभादास (D) सूरदास



BiharboardQuestionpaper.com

21. 'जूठन' शीर्षक आत्मकथा के लेखक के बड़े भाई का नाम क्या था ?

(A) सुखबीर (B) मनमीत

(C) गजोधर (D) कालीराम

22. निम्नलिखित में कौन रचना मलयज की है ?

(A) छायावाद (B) वट पीपल

(C) हुंकार (D) संवाद और एकालाप

23. 'तिरिछ' शीर्षक कहानी के कहानीकार के अनुसार दशहरे के दिन किस पक्षी को जरूर देखना चाहिए ?

(A) मैना (B) तीतर

(C) नीलकंठ (D) कबूतर

24. लीडबेटर किसमें 'विश्व शिक्षक' का रूप देखते थे ?

(A) बालकृष्ण भट्ट में (B) जे० कृष्णमूर्ति में

(C) उदय प्रकाश में (D) ओमप्रकाश वाल्मीकि में

25. 'पॉल गोमरा का स्कूटर' किसकी रचना है ?

(A) उदय प्रकाश (B) मलयज

(C) अज्ञेय (D) जे० कृष्णमूर्ति



BiharboardQuestionpaper.com

**D**

26. जे० कृष्णमूर्ति का पूरा नाम क्या था ?

(A) जॉन कृष्णमूर्ति

(B) जिद्दू कृष्णमूर्ति

(C) जेसर कृष्णमूर्ति

(D) जार्ज कृष्णमूर्ति

27. जायसी किस भाषा के कवि थे ?

(A) ब्रजभाषा

(B) अवधी

(C) कन्नौजी

(D) बघेली

28. निम्नलिखित में कौन कवि सगुण भक्तिधारा के हैं ?

(A) जायसी

(B) कबीरदास

(C) सूरदास

(D) कुतुबन

29. किस कवि का मूल नाम 'रामबोला' था ?

(A) तुलदीदास का

(B) नाभादास का

(C) सूरदास का

(D) कबीरदास का

30. तुलसीदास का स्थाई निवास-स्थान कहाँ था ?

(A) अयोध्या में

(B) काशी में

(C) सीतापुर में

(D) रामपुर में

31. 'हरिशंकर' शब्द में कौन समास है ?

(A) द्विगु

(B) कर्मधारय

(C) द्वन्द्व

(D) अव्ययीभाव



BiharboardQuestionpaper.com

32. 'चरणकमल' शब्द में कौन समास है ?

(A) कर्मधारय (B) तत्पुरुष

(C) अव्ययीभाव (D) द्वन्द्व

33. 'रसभरा' शब्द में कौन समास है ?

(A) कर्म तत्पुरुष (B) करण तत्पुरुष

(C) संप्रदान तत्पुरुष (D) अपादान तत्पुरुष

34. निम्नलिखित में कौन शब्द द्विगु समास का उदाहरण है ?

(A) पंचपात्र (B) नीलकमल

(C) देशभक्ति (D) प्रेमसिक्त

35. किसी भाषा के मूल शब्द को क्या कहते हैं ?

(A) तत्सम (B) तद्भव

(C) देशज (D) विदेशी

36. 'सौ' शब्द का तत्सम रूप क्या है ?

(A) कोटि (B) लक्ष

(C) पद्म (D) शत



BiharboardQuestionpaper.com

D

37. निम्नलिखित में कौन शब्द विदेशी शब्द है ?

(A) क्षीर (B) फूल

(C) अश्व (D) कैंची

38. 'जलज' शब्द किस शब्द का उदाहरण है ?

(A) रूढ़ (B) देशज

(C) योगरूढ़ (D) विदेशी

39. 'अधिकार' शब्द में उपसर्ग कौन है ?

(A) अति (B) आ

(C) अधि (D) अनु

40. 'अव' उपसर्ग से बना हुआ शब्द कौन है ?

(A) आगमन (B) अध्यक्ष

(C) अनुज (D) अवज्ञा

41. 'छप्पय' क्या है ?

(A) अलंकार (B) रस

(C) छंद (D) संधि

बिहार बोर्ड के नए और पुराने ऑफिसियल क्वेश्चन पेपर, मॉडल पेपर, आंसर-की, पाठ्यक्रम, नोट्स, मॉक टेस्ट, सेंट-अप और प्रैक्टिकल परीक्षा प्रश्न पत्र आदि के लिए...
BiharboardQuestionpaper.com
अभी विजिट करें ..
BiharboardQuestionpaper.com



BiharboardQuestionpaper.com

42. चिंतामणि किस काल के कवि थे ?

(A) आदिकाल (B) भक्तिकाल

(C) रीतिकाल (D) आधुनिक काल

43. निम्नलिखित में कौन कवि छायावादी हैं ?

(A) भूषण (B) जयशंकर प्रसाद

(C) विनोद कुमार शुक्ल (D) नाभादास

44. 'कामायनी' महाकाव्य में कामायनी कौन है ?

(A) मनु (B) श्रद्धा

(C) इड़ा (D) रूपा

45. सुभद्रा कुमारी चौहान के पति का नाम क्या था ?

(A) ठाकुर लक्ष्मण सिंह (B) ठाकुर राम सिंह

(C) ठाकुर कृष्ण सिंह (D) ठाकुर राजा सिंह

46. 'राख से लीपा हुआ चौका' – यह पंक्ति किस शीर्षक कविता की है ?

(A) पुत्र-वियोग (B) अधिनायक

(C) उषा (D) हार-जीत

47. 'कामायनी : एक पुनर्विचार' शीर्षक रचना किसकी है ?

(A) विनोद कुमार शुक्ल (B) गजानन माधव 'मुक्तिबोध'

(C) अशोक वाजपेयी (D) सुमित्रानंदन पंत



BiharboardQuestionpaper.com

48. 'कौमुदी' नामक कविता केन्द्र की स्थापना किसने की ?

(A) अशोक वाजपेयी
(B) रघुवीर सहाय
(C) अज्ञेय
(D) रामधारी सिंह 'दिनकर'

49. विनोद कुमार शुक्ल की किस रचना पर मणिकौल ने फिल्म बनाई थी ?

(A) अतिरिक्त नहीं
(B) सब कुछ होना बचा रहेगा
(C) महाविद्यालय
(D) नौकर की कमीज

50. 'समय के पास समय' शीर्षक रचना किसकी है ?

(A) रघुवीर सहाय
(B) अशोक वाजपेयी
(C) अज्ञेय
(D) मुक्तिबोध

51. 'सुवास' शब्द में उपसर्ग कौन है ?

(A) नि
(B) सम्
(C) सु
(D) वि

52. 'लघुत्व' शब्द में प्रत्यय कौन है ?

(A) अ
(B) त्व
(C) लघु
(D) क्त्वा

53. 'वीरता' शब्द में प्रत्यय कौन है ?

(A) वीर
(B) वि
(C) ता
(D) अ



BiharboardQuestionpaper.com

54. 'रक्तिमा' शब्द में प्रत्यय कौन है ?

(A) इमा (B) ईमा

(C) आ (D) रक्त

55. 'पर्वत' शब्द का विशेषण क्या है ?

(A) परबत (B) पार्वती

(C) पर्वतीय (D) पवित्र

56. 'प्रथम' शब्द का विशेषण क्या है ?

(A) प्राथमिक (B) प्रयास

(C) प्रार्थना (D) पृथक

57. 'निज' शब्द का विशेषण क्या है ?

(A) नजर (B) निजी

(C) निजाम (D) निर्जीव

58. 'दरिंदों ने केवल मासूमों को लूटा ही नहीं, बल्कि उनकी हत्या भी कर दी' – किस वाक्य का उदाहरण है ?

(A) सरल वाक्य (B) मिश्र वाक्य

(C) संयुक्त वाक्य (D) आज्ञावाचक वाक्य



BiharboardQuestionpaper.com

59. निम्नलिखित में शुद्ध वाक्य कौन है ?

(A) मैंने एक वर्ष तक उनकी प्रतीक्षा देखी ।

(B) यह काम आप पर निर्भर करता है ।

(C) पशुओं का झुंड चारों ओर पानी की खोज में घूम रहा था ।

(D) मेरे लिए ठंडी बर्फ और गर्म आग लाओ ।

60. 'वहाँ अकेले बैठा हुआ आदमी अपराधी है' – इस वाक्य में कौन पदबंध है ?

(A) संज्ञा पदबंध
(B) सर्वनाम पदबंध
(C) विशेषण पदबंध
(D) क्रिया पदबंध

61. 'अगम' शब्द का विलोम क्या होगा ?

(A) आगम
(B) गम
(C) सरगम
(D) सुगम

62. 'एकेश्वरवाद' शब्द का विलोम क्या होगा ?

(A) ईश्वरवाद
(B) बहुदेवीवाद
(C) बहुदेववाद
(D) बहुतदेवाद

63. 'उग्र' शब्द का विलोम क्या होगा ?

(A) अधः
(B) सौम्य
(C) तारा
(D) उदार



BiharboardQuestionpaper.com

64 निम्नलिखित में कौन शब्द विसर्ग संधि का उदाहरण है ?

(A) दुष्कर
(B) अहंकार
(C) स्वयम
(D) जगदीश

65 'जगत् + आनन्द' - पदों की संधि है

(A) जगानन्द
(B) जगत आनन्द
(C) जगतानन्द
(D) जगदानन्द

66 निम्नलिखित में कौन शब्द यण् स्वरसंधि का उदाहरण है ?

(A) यद्यपि
(B) देवर्षि
(C) विद्यार्थी
(D) नयन

67 'सज्जन' शब्द का संधि विच्छेद है

(A) सत् + जन
(B) सज् + जन
(C) सत + जन
(D) सद् + जन

68 'रमेश' शब्द का संधि-विच्छेद क्या है ?

(A) रम + श
(B) रमन + ईश
(C) रमा + ईश
(D) रम + ईश



BiharboardQuestionpaper.com

69. निम्नलिखित में कौन शुद्ध शब्द है ?

(A) परीक्षण (B) पीचास

(C) प्रान (D) भुधर

70. 'वीणापाणि' शब्द में कौन समास है ?

(A) नञ् (B) द्विगु

(C) अव्ययीभाव (D) बहुव्रीहि

71. 'लिंग' शब्द किस भाषा का शब्द है ?

(A) तुर्की (B) फारसी

(C) संस्कृत (D) अरबी

72. 'राख' शब्द है

(A) पुंलिंग (B) स्त्रीलिंग

(C) उभयलिंग (D) इनमें से कोई नहीं

73. 'मोती' शब्द क्या है ?

(A) पुंलिंग (B) स्त्रीलिंग

(C) उभयलिंग (D) इनमें से कोई नहीं



BiharboardQuestionpaper.com

74. निम्नलिखित में कौन वर्ण अघोष है ?

(A) ज
(B) ग
(C) ड
(D) थ

75. निम्नलिखित में कौन वर्ण अंतःस्थ व्यंजन का उदाहरण है ?

(A) य
(B) क
(C) च
(D) ट

76. हिन्दी में ऊष्म व्यंजनों की संख्या कितनी है ?

(A) दो
(B) तीन
(C) चार
(D) पाँच

77. 'फ' का उच्चारण-स्थान क्या है ?

(A) तालु
(B) मूर्द्धा
(C) दंत
(D) ओष्ठ

78. 'वह भला आदमी है ।' - इस वाक्य में 'भला' किस विशेषण का उदाहरण है ?

(A) संख्यावाचक
(B) परिमाणवाचक
(C) संकेतवाचक
(D) गुणवाचक

79. 'ए' वर्ण किस स्वर का उदाहरण है ?

(A) ह्रस्व
(B) दीर्घ
(C) प्लुत
(D) लघु



BiharboardQuestionpaper.com

80. 'देवेश' शब्द का संधि-विच्छेद है

(A) देवता + ईश (B) दैव + इश

(C) देव + ईश (D) देवे + श

81. 'तूती बोलना' – मुहावरे का अर्थ है

(A) तोता जैसा बोलना (B) प्रभाव खोना

(C) अप्रभावित करना (D) प्रभाव जमाना

82. 'गीता गयी होगी' – किस काल का उदाहरण है ?

(A) वर्तमान काल (B) पूर्ण वर्तमान काल

(C) भूतकाल (D) भविष्यत काल

83. 'रीति' शब्द का बहुवचन रूप क्या है ?

(A) रीतियाँ (B) रितिओ

(C) रितियाएँ (D) रितें

84. 'चंदन ने उसका व्यापार हथिया लिया' – यह वाक्य किस क्रिया का उदाहरण है ?

(A) पूर्वकालिक क्रिया (B) प्रेरणार्थक क्रिया

(C) नामबोधक क्रिया (D) पुनरुक्त क्रिया



BiharboardQuestionpaper.com

85. 'भारत का राष्ट्रपति कौन है ?' इस वाक्य में 'कौन' किस सर्वनाम का उदाहरण है ?

(A) पुरुषवाचक (B) निजवाचक

(C) प्रश्नवाचक (D) संबंधवाचक

86. 'मैं घड़ा भरता हूँ ।' – वाक्य में कौन क्रिया है ?

(A) सकर्मक (B) अकर्मक

(C) द्विकर्मक (D) संयुक्त

87. 'वह कलम से लिखता है' – किस कारक का उदाहरण है ?

(A) कर्ता (B) कर्म

(C) करण (D) अपादान

88. निम्नलिखित में कौन शब्द अशुद्ध है ?

(A) वनवास (B) रसायन

(C) मरण (D) वीना

89. ( – ) कोष्ठक में अंकित विराम चिह्न है

(A) प्रश्नवाचक (B) पूर्णविराम

(C) योजक (D) अल्पविराम



BiharboardQuestionpaper.com

90. 'मंडली' शब्द में कौन संज्ञा है ?

(A) जातिवाचक (B) गुणवाचक

(C) समूहवाचक (D) द्रव्यवाचक

91. 'सर्प' शब्द का पर्यायवाची शब्द क्या है ?

(A) पयोद (B) केहरि

(C) सुरंग (D) उरग

92. 'ब्रह्मा' शब्द का पर्यायवाची शब्द क्या है ?

(A) जगदीश (B) रत्नाकर

(C) चतुरानन (D) दशानन

93. 'चंद्र' शब्द का पर्यायवाची शब्द क्या है ?

(A) अंशुमाली (B) तमस

(C) शार्दूल (D) हिमांशु

94. 'जिसके चार पद हैं' – के लिए एक शब्द है

(A) चौमासा (B) चतुरानन

(C) चतुष्पद (D) चौराहा

95. 'जिसे भय नहीं है' – के लिए एक शब्द है

(A) निर्दयी (B) निर्भय

(C) निर्भर (D) निर्मित



BiharboardQuestionpaper.com

96. 'दो बार जन्म लेनेवाला' – के लिए एक शब्द है

(A) अंडज (B) पंकज

(C) जलज (D) द्विज

97. 'गिरा हुआ' – के लिए एक शब्द है

(A) पारस (B) पयोधि

(C) पावन (D) पतित

98. 'दिन दूना रात चौगुना' – मुहावरे का अर्थ है

(A) खूब उन्नति (B) खूब अवनति

(C) पतन (D) दिशाहीन

99. 'पगड़ी रखना' – मुहावरे का अर्थ है

(A) गर्मी होना (B) सिर खुजलाना

(C) इज्जत बचाना (D) इज्जत उतारना

100. 'नाच नचाना' – मुहावरे का अर्थ है

(A) मान करना (B) तंग करना

(C) नृत्य करना (D) शिष्ट होना



BiharboardQuestionpaper.com

## खण्ड - ब

### विषयनिष्ठ प्रश्न

1. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर निबंध लिखें : 1 × 8 = 8

(i) राष्ट्र-निर्माण और नारी

(ii) नशा उन्मूलन

(iii) बेरोजगारी

(iv) छात्र और अनुशासन

(v) स्वच्छ भारत अभियान

(vi) साहित्य और समाज ।

2. निम्नलिखित में से किन्हीं दो अवतरणों की सप्रसंग व्याख्या करें : 2 × 4 = 8

(i) "नर और मादा पशुओं में भी थे और पक्षियों में भी । किंतु पशुओं और पक्षियों ने अपनी मादाओं पर आर्थिक परवशता नहीं लादी । लेकिन, मनुष्य की मादा पर यह पराधीनता आप से आप लद गई ।"

(ii) "जो कुछ मवाद या धुआँ जमा रहता है, वह बातचीत के जरिए भाप बनकर बाहर निकल पड़ता है ।"

biharboardquestionpaper.com

(iii) "दीन, सब अँगहीन, छीन, मलीन, अघी अघाइ ।
नाम लै भरै उदर एक प्रभु-दासी-दास कहाइ ।।"

(iv) "तड़प रहे हैं विकल प्राण ये
मुझको पल भर शांति नहीं है
वह खोया धन पा न सकूँगी
इसमें कुछ भी भ्रांति नहीं है ।"



BiharboardQuestionpaper.com

3. अपने महाविद्यालय के प्रधानाचार्य के पास आवेदन पत्र लिखें जिसमें खेल का सामान उपलब्ध कराने का अनुरोध किया गया हो । 5

**अथवा**

अपने विद्यालय में मनाए गए 'बिहार दिवस' का वर्णन करते हुए मित्र के पास एक पत्र लिखें ।

4. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **पाँच** के उत्तर दें : $5 \times 2 = 10$

(i) जब तक मनुष्य बोलता नहीं, तब तक उसके व्यक्तित्व का कौन-सा पक्ष प्रकट नहीं होता है ?

(ii) 'उसने कहा था' शीर्षक कहानी किस प्रकार की कहानी है ?

(iii) दलविहीन लोकतंत्र और साम्यवाद में कैसा संबंध है ?

(iv) बुद्ध ने आनंद से क्या कहा ? 'अर्धनारीश्वर' शीर्षक निबंध के अनुसार लिखें ।

(v) लेखक और मालती के सम्बंध का परिचय 'रोज' शीर्षक कहानी के आधार पर दें ।

(vi) भगत सिंह के अनुसार विद्यार्थियों को राजनीति में भाग क्यों लेना चाहिए ?

(vii) तुलसी, सीता से कैसी सहायता माँगते हैं ?

(viii) 'कबीर कानि राखी नहीं' से क्या तात्पर्य है ?

(ix) शिवाजी की तुलना भूषण ने मृगराज से क्यों की है ?

(x) कवयित्री का 'खिलौना' क्या है ?



BiharboardQuestionpaper.com

निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **तीन** के उत्तर दें : 3 × 5 = 15

(i) भूषण के प्रथम कवित्त का भावार्थ लिखें ।

(ii) 'तुमुल कोलाहल कलह में' शीर्षक कविता का भावार्थ लिखें ।

(iii) सुभद्रा कुमारी चौहान की रचना 'पुत्र वियोग' का सारांश लिखें ।

(iv) लहना सिंह का परिचय अपने शब्दों में दें ।

(v) विद्यालय में लेखक के साथ कैसी घटनाएँ घटती हैं ? 'जूठन' शीर्षक आत्मकथा के आधार पर लिखें ।

(vi) 'सिपाही की माँ' शीर्षक एकांकी का सारांश लिखें ।

निम्नलिखित अवतरणों में से किसी **एक** का संक्षेपण कीजिए : 1 × 4 = 4

(i) भारत के लिए लोक अदालत कोई अपरिचित नाम नहीं है । यहाँ पंचों के माध्यम से विवाद के निपटारे की व्यवस्था अत्यंत प्राचीन है । यह हमारी संस्कृति की पहचान है, जिसे विश्व के समृद्ध से समृद्ध राष्ट्र भी हमारी गौरव-निधि मानते हैं । यहाँ पहले जब न्याय पंचायतें नहीं थीं तो गाँव के चौपाल पर विवादों का निपटारा होता था । धीरे-धीरे देश में अदालती-प्रथा की शुरुआत हुई । निःसंदेह अदालती प्रथा ने देश में विधिवत् विधि शासन व्यवस्था की स्थापना की, किन्तु यह औपचारिकताओं में इतनी जकड़ गयी कि लोग वर्षों तक न्याय के लिए तरसने लगे और न्यायालयों के प्रति आम आदमी की आस्था डगमगाने लगी ।


BiharboardQuestionpaper.com

(ii) किसी भी राष्ट्र या जाति में संजीवनी शक्ति भरने वाला साहित्य ही है । साहित्य की महत्ता को पूरे विश्व ने मिलकर स्वीकारा है । साहित्य समाज का दर्पण होता है । एक सभ्य समाज की कल्पना साहित्य के बिना नहीं की जा सकती, क्योंकि समाज को राह दिखाने वाला, उसका मार्गदर्शक साहित्य ही है । अनेक विद्वानों ने यह स्वीकार किया है कि साहित्य के बिना मानव का जीवन अधूरा है । इसलिए साहित्य का अध्ययन सबके लिए आवश्यक है । जिस प्रकार भोजन हमारी शारीरिक जरूरतों की पूर्ति करता है ठीक उसी प्रकार साहित्य हमारी मानसिक आवश्यकताओं की पूर्ति करता है ।

बिहार बोर्ड के नए और पुराने ऑफिसियल क्वेश्चन पेपर, मॉडल पेपर, आंसर-की, पाठ्यक्रम, नोट्स, मॉक टेस्ट, सेंट-अप और प्रैक्टिकल परीक्षा प्रश्न पत्र आदि के लिए...

BiharboardQuestionpaper.com

अभी विजिट करें ..



BiharboardQuestionpaper.com